CLASS NOTES-ANSWERS

1. पाठ-ज्ञान

नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर दो।

मौखिक

(क) गुरुजी शिवाजी को महान बनाना चाहते थे।

(ख) शिवाजी ने गुरुजी से पढ़ना-लिखना, तलवार चलाना, घोड़े पर चढ़ना, युद्धभूमि में घोड़े पर सवार होकर तलवार चलाना आदि सीखा था।

(ग) गुरुजी अपनी टाँग के दर्द से कराह रहे थे।

(घ) शिवाजी घने जंगल में शेरनी की माँद खोजने के लिए गए।

लिखित

THE GARDEN SCHOOL
Anakkallu P.O, Kanjirappally 686508

(क) पहले की परीक्षाएँ आज की परीक्षा की तरह परीक्षा हॉल में बैठकर लिखनेवाली नहीं होती थी बल्कि असाधारण चुनौतीपूर्ण होती थीं। उनमें सफल होना साधारण बात नहीं थी।

(ख) शिवाजी गुरुजी को दर्द में कराहते हुए देखकर व्याकुल हो उठे।

(ग) गुरुजी ने अपने दर्द के लिए शेरनी के दूध की दवा बताई।

(घ) शिवाजी शेरनी की माँद को ढूँढ़ते हुए घने जंगल में पहुँच गए। उन्होंने एक शेरनी को गुफा में प्रवेश करते हुए देखा। शिवाजी भी गुफा के अंदर चले गए। उन्हें गुरुजी का कराहता हुआ चेहरा बार-बार नजर आ रहा था। जब शेरनी अपने दो शावकों को दूध पिला रही थी तभी शिवाजी ने इसके पैर बाँधकर दूध दुह लिया।

2. सही वाक्य पर √और गलत वाक्य पर ×का चिह्न लगाओ।

(क) गुरुजी ने शिवाजी को तलवार चलानी सिखाई।√

(ख) शिवाजी गुरुजी की दशा देखकर व्याकुल हो उठे।√

(ग) गुरुजी ने शिवाजी को दवा लाने के लिए कहा।×

(घ) शिवाजी को शेर की गुफा नहीं मिली।×

(ङ) शेरनी के दो छोटे बच्चे थे।√

भाषा ज्ञान

1) पढ़ो और समझो।

नीचे दिए शब्दों को सही जगह पर लिखो।

व्यक्तिवाचक संज्ञा -शिवा, रमन वेंकट, जयश्री

जातिवाचक संज्ञा- घोड़ा, शेरनी, बच्चे, जंगल

भाववाचक संज्ञा- प्रसन्नता, साहसी, दुखी, सफलता

2) नीचे दिए गए शब्दों के एक एक पर्यायवाची शब्द चुनकर लिखो।

गुरु	-	शिक्षक, अध्यापक	जंगल	-	वन, कानन
घोड़ा	-	अश्व, घोटक	पथ	-	मार्ग, रास्ता
युद्ध	-	रण, समर	आँख	-	नेत्र, नयन
शेर	-	सिंह, केसरी	तलवार	-	असि,खड्ग

3) नीचे दिए शब्दों के लिंग बदलो।

गुरु	-	गुरुआइन	शेर	-	शेरनी
शिष्य	-	शिष्या	घोड़ा	-	घोड़ी

बेटा	-	बेटी	हाथी	-	हथिनी
विद्वान	-	विदुषी	मोर	-	मोरनी

4) नीचे दिए वाक्यों का हिंदी में अनुवाद करो।

(क) जंगल सुनसान था।

(ख) आपको क्या कष्ट है?

(ग) क्या इसकी कोई दवा नहीं है?

(घ) मैं शेरनी का दूध ले आया हूँ।

THE GARDEN SCHOOL
Anakkal P.O, Kanjirappally 686 508